# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Social Justice Union



## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 21 अगस्त 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 321

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईएसआई एजेंट के साथ भारत में घुसे 4 आतंकी

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में सोमवार को पाक आईएसआई एजेंट के साथ चार सदस्य राजस्थान गुजरात सीमा में दाखिल हुए हैं। जानकारी मिलने के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक आईएसआई एजेंट के साथ चार सदस्य अफगानिस्तान के पासपोर्ट पर देश में दाखिल हुए हैं। जिसके बाद राजस्थान गुजरात सीमा के साथ साथ देशभर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। हाई अलर्ट जारी किए जाने के बाद से ही पुलिस महा निरीक्षक के निर्देश पर एसपी कल्याण मल मीणा द्वारा सिरोही जिले के बॉर्डर वर्ती क्षेत्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सिरोही जिले के आबूरोड राजस्थान-गुजरात बॉर्डर के मावल और छापरी चौकी पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। सिरोही जिले के पुलिस अधीक्षक कल्याणमल मीणा ने एक संदेश जारी करते हुए इसकी जानकारी जिले के सभी पुलिस स्टेशन में दी है।

### अवैध संबंधों के शक में युवक की पीट-पीटकर हत्या, पांच गिरफ्तार

**नईदिल्ली।** देश भर में मॉब लिंचिंग की वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं. अब राजधानी में ही एक 21 वर्षीय युवक की पांच लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी. आरोपियों को शक था कि युवक का उनकी बहन से अवैध संबंध हैं. वारदात शुक्रवार को हुई. मृतक की पहचान नेतराम के तौर पर की गई है. पुलिस ने मामले में पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार नेतराम को बुरी तरह से पीटने के बाद आरोपित खुद ही उसे अस्पताल भी लेकर गए. लेकिन वहां पर उसकी हालत बिगड़ती देख फरार हो गए. रविवार को पुलिस ने पांचों आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपियों में अंबिका प्रसाद, रणजीत, अनिल, देशराज और सोनू हैं।

### राजीव गांधी की 75वीं वर्षगांठ पर राहुल और प्रियंका ने पिता को किया याद

**नईदिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं अपने पिता राजीव गांधी की 75वीं जयंती के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनसे मिली शिक्षा को याद किया। राहुल गांधी ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि राजीव गांधी की दूरदर्शी नीतियों से भारत के निर्माण में मदद मिली. उन्होंने ट्वीट कर कहा, आज हम राजीव गांधी जी की 75वीं जयंती मना रहे हैं. राजीव एक देशभक्त और दूरदर्शी व्यक्ति थे तथा जिनकी दूरदर्शी नीतियों ने भारत के निर्माण में मदद की। राहुल ने कहा, मेरे लिए वह एक बहुत प्यार करने वाले पिता थे जिन्होंने मुझे सिखाया कि कभी किसी से नफरत मत करो, माफ करो और सभी इंसानों से प्यार करो. प्रियंका ने कहा, अपने पिता से मैंने सीखा कि लोगों की बातों को कैसे सुना जाए और उनके लिए अपने दिल में जगह बनाई जाए, चाहे वो हमसे कितने भी विपरीत हों।

### येदिरप्पा के मंत्रिमंडल में शामिल हुए 17 मंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री बी.एस येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार मंगलवार को किया गया जिसमें 17 नये मंत्री शामिल किये गए। येदियुरप्पा के 26 जुलाई को मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके मंत्रिमंडल का यह पहला विस्तार है। उन्होंने 29 जुलाई को विधानसभा में अपनी सरकार का बहुमत साबित किया था। येदियुरप्पा ने मंत्री पद की शपथ ग्रहण के लिए 17 विधायकों के नाम राज्यपाल वजू भाई वाला को प्रस्तावित किया था जिन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायकों में सीएन आश्वथ नारायण, केएस एश्वरप्पा और गोविंद एम कारजोल शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली जनता दल (एस)-कांग्रेस गठबंधन सरकार अल्पमत में आने की वजह से गिर गई थी। इसके बाद कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाई।

## चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हुआ चंद्रयान-2

### इसरो को बड़ी सफलता

**श्रीहरिकोटा।** चंद्रयान-2 मंगलवार सुबह चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया और इसके साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नाम एक और बड़ी उपलब्धि हो गई। चंद्रयान-2 के चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने के बाद अब इसरो कक्षा के अंदर स्पेसक्रॉफ्ट की दिशा में चार बार (21, 28 और 30 अगस्त को तथा 1 सितंबर को) और परिवर्तन करेगा। इसके बाद यह चंद्रमा के ध्रुव के ऊपर से गुजरकर उसके सबसे करीब- 100 किलोमीटर की दूरी के अपने अंतिम कक्षा में पहुंच जाएगा।




इसके बाद विक्रम लैंडर 2 सितंबर को चंद्रयान-2 से अलग होकर चंद्रमा की सतह पर उतरेगा। इसरो ने बताया कि चंद्रमा की सतह पर 7 सितंबर 2019 को लैंडर से उतरने से पहले धरती से दो कमांड दिए जाएंगे, ताकि लैंडर की गति और दिशा सुधारी जा सके और वह हल्के से सतह पर उतरे। चंद्रयान-2 आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित प्रक्षेपण केंद्र से 22 जुलाई को प्रक्षेपित किया गया था।

इसका प्रक्षेपण देश के भारी वजन उठानेवाले रॉकेट जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच वेहिकल- मार्क 3 (जीएसएलवी एमके 3) से किया गया था। इस स्पेसक्राफ्ट के तीन खंड हैं, जिसमें ऑर्बिटर (वजन 2,379 किलोग्राम, आठ पेलोड के साथ), लैंडर विक्रम (1,471 किलोग्राम, चार पेलोड के साथ) और रोवर प्रज्ञान 9 (वजन 27 किलोग्राम, दो पेलोड के साथ) शामिल हैं।

## फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन की यात्रा पर 22 अगस्त को जायेंगे पीएम मोदी

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बहरीन के दौरे पर जा रहे हैं। खास बात यह है कि इन तीनों देशों ने कश्मीर मसले पर खुलेआम भारत का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री के इसे दौरे का पहला पड़ाव फ्रांस होगा, जिसने कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त होने से संबंधित हालिया घटनाक्रम पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का समर्थन किया है। दौरा आरंभ करने से पहले मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। इससे पहले शुक्रवार को कश्मीर मसले पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने क्लोज्ड डोर बैठक (स्थायी



सदस्य देशों के बीच गुप्त बैठक) में भारत के कदमों का समर्थन किया। अमेरिका, फ्रांस और रूस ने कश्मीर मसले पर भारत के रुख का समर्थन किया। मोदी 22 अगस्त से फ्रांस के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर होंगे। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ उनकी वार्ता के एजेंडा में रक्षा सहयोग, आण्विक ऊर्जा, समुद्री सहयोग और आतंकवाद रोधी उपाय शीर्ष पर होंगे।

## रोक-टोक से नाराज छात्रा ने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर कर दी पिता की हत्या

**बेंगलुरु।** दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली लड़ती प्यार में इतनी अंधी हो चुकी थी कि बाप ने गलत रास्ते पर जाने से रोका तो प्रेमी के साथ मिलकर बाप का ही गला रेत डाला. मामला कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू का है। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लड़की की उम्र 15 साल है और वह 18 साल के प्रवीण के प्यार में पागल थी. दोनों को जय कुमार जैन के कत्ल के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है. हत्या को रविवार की सुबह अंजाम दिया गया था। सहायक पुलिस आयुक्त वी धनंज्य कुमार ने बताया कि जय कुमार, राजस्थान का रहने वाला था और यहां बेंगलुरू के रजनीनगर इलाके में उसकी कपड़ों की दुकान थी. लड़की का बाप अपनी पत्नी और बेटे को रेलवे स्टेशन छोड़ने गया था। दोनों पुडुचेरी में किसी विवाह समारोह में शामिल होने गए थे.जब वह घर लौटा तो बेटी ने बाप को दूध में नशीली गोली मिलाकर दे दी. जब जैन सो गया तो लड़की और उसके प्रेमी ने कथित रूप से उसका गला काट दिया। अपराध का सिलसिला यहीं नहीं रूका. दोनों 41 साल के जैन के शव को घसीट कर बाथरूम में ले गए और उसे आग के हवाले कर दिया. जब पड़ोसियों ने घर से धुंआ निकलता देखा तो उन्होंने पुलिस और दमकल विभाग को इसकी इत्तिला की। जब पुलिस और फायर ब्रिगेड के लोग घर के भीतर घुसे तो वहां जय कुमार का आधा जला शव पड़ा था और उस पर चाकू से वार किए।

## दिल्ली में बाढ़ का खतरा, अगले 24 घंटे चिंताजनक

**नईदिल्ली।** हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से पिछले 40 वर्षों में सबसे अधिक आठ लाख से अधिक क्यूसेक पानी यमुना में छोड़े जाने के बाद दिल्ली और हरियाणा में नदी तट के आस-पास के इलाकों में छह वर्षों के बाद बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है तथा अगले 24 घंटे चिंताजनक रहेंगे। इस बीच हिमाचल प्रदेश,पंजाब और उत्तराखंड समेत पूरे उत्तर भारत में हुई भारी बारिश और बादल फटने के कारण आई बाढ़ तथा भूस्खलन की घटनाओं में 42 लोगों की मौत के साथ ही देश के



विभिन्न हिस्सों में बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन की घटनाओं में मरने वालों की संख्या 313 पहुंच गयी है जबकि 47 अन्य लापता हैं।

हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से रविवार को 8.28 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस पानी को दिल्ली पहुंचने में 36 से 72 घंटे का समय लगेगा। इस प्रकार बुधवार की सुबह यमुना के जलस्तर के अपने अधिकतम स्तर तक पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार रात आठ बजे तक यमुना का जलस्तर 205.50 मीटर था और आज यमुना का जलस्तर 207 मीटर तक जाने की उम्मीद है। दिल्ली में बाढ़ के खतरे का आकलन करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के साथ उत्पन्न होने वाली स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि जान-माल का नुकसान नहीं हो।

## खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर बह रही यमुना

### » दिल्ली के निचले इलाकों में भरा पानी

**नईदिल्ली।** हथिनी कुंड बैराज से रविवार शाम छोड़े गए 8.28 लाख क्यूसेक पानी के चलते दिल्ली में यमुना ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है. यमुना यहां पर खतरे के निशान से करीब करीब 1 मीटर ऊपर बह रही है. खतरे का जलस्तर 205.33 मीटर है वहीं यमुना मंगलवार सुबह तक 205.94 मीटर के निशान पर बह रही थी. इसके चलते दिल्ली में यमुना नदी के बहाव क्षेत्र में आने वाले निचले



इलाकों में पानी भर गया है. राजधानी के यमुना बाजार इलाके में घरों और दुकानों में पानी भर जाने के कारण लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है. प्रशासन ने सभी निचले इलाकों को तेजी से खाली करवाना शुरू कर दिया है. यमुना का जलस्तर बढ़ने के साथ ही निगमबोध घाट में भी जलभराव हो गया है. गौरतलब है कि सोमवार को यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आपात बैठक भी बुलाई थी और इस दौरान अधिकारियों को हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए निर्देश दिए थे. वहीं मथुरा के 175 गांवों में भी बाढ़ के हालात बनते जा रहे हैं। यमुना नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए दिल्ली सरकार ने प्रशासन को भी हाई अलर्ट पर रखा है. वहीं रेस्क्यू टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है और निचले इलाकों को खाली करवाया जा रहा है. यहां पर पुराने लोहा पुल पर सोमवार को ही यातायात बंद कर दिया गया है।

## अब बिना ड्राइवर के दौड़ेगी दिल्ली मेट्रों

**नईदिल्ली।** दिल्ली मेट्रो अब बिना ड्राइवर के दौड़ेगी. इस संबंध में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने एक योजना तैयार की है. बताया जा रहा है कि इस योजना के तहत मई 2020 से पिंक (मजलिस पार्क से शिव विहार) और मजेंटा लाइन (बॉटेनिकल गार्डन से जनकपुरी पश्चिम) पर चलने वाली मेट्रो ट्रेन ड्राइवर लैस हो जाएगी. बताया जा रहा है कि यह ट्रेनें कम्यूनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल तकनीक पर काम करेंगी. यह तकनीक पुराने मेट्रो कॉरिडोर में प्रयोग में ली जा चुकी है, यह ज्यादा सुरक्षित और सुगम है.



रिपोर्ट के अनुसार सीबीटीसी तकनीक के प्रयोग से काफी फायदे होंगे. इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि दो ट्रेनों के बीच की दूरी कम हो जाएगी. जिसके चलते कम समय में ही लोगों को ट्रेन मिल जाया करेंगी. साथ ही यह काफी सुरक्षित होगा.

डीएमआरसी के अधिकारियों के अनुसार अब मेट्रो में ड्राइवरों के स्थान पर रोमिंग अटेंडेंट होंगे. यह ट्रेन में एक कोने से दूसरे कोने तक घूमेंगे और यात्रियों को होने वाली परेशानियों का समाधान करेंगे. इसके साथ ही ये ट्रेन चलाने में भी कुशल होंगे और किसी भी आपात स्थिति में ट्रेन का पूरा कंट्रोल ये अपने हाथ में ले लेंगे.

डीएमआरसी के अधिकारियों के अनुसार यह कुछ वैसा ही होगा जैसे पहले एलिवेटर्स आए तो अटेंडेंट लोगों की मदद के लिए मौजूद होते थे।

## फिलीपींस में 188000 लोगों को डेंगू, 807 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में इस वर्ष पहले आठ महीने में 188000 से अधिक लोग जानलेवा बीमारी डेंगू से ग्रसित है तथा इससे अब तक यहां 807 लोगों की मौत हुई है। फिलीपींस के स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) की डेंगू निगरानी रिपोर्ट के मुताबिक इस साल एक जनवरी से तीन अगस्त के बीच डेंगू के कुल 188562 मामले सामने आये जो पिछले वर्ष की तुलना में दो गुनी अधिक है। पिछले वर्ष इस अवधि में डेंगू के 93149 मामले सामने आये थे।

इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 में डेंगू से 497 लोगों की मौत हुई थी जबकि इस वर्ष तीन अगस्त तक डेंगू से 807 लोगों की मौत हो चुकी है।

डीओएच के मुताबिक इस महामारी से देश के मध्य और दक्षिणी इलाके प्रभावित हुए हैं तथा सबसे अधिक पांच से नौ साल के बच्चे इसकी चपेट में आये हैं। देश में डेंगू से पीड़ित बच्चों की संख्या 43047 है, जो कुल बीमार लोगों का 23 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य विभाग के उप सचिव एरिक डोमिंगो ने कहा, डेंगू के मामलों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने लोगों से डेंगू को रोकने के लिए मच्छर प्रजनन स्थलों को साफ करने और उन्हें नष्ट करने के प्रयासों को बढ़ाने की अपील की है।

फिलीपींस ने छह अगस्त को देश में डेंगू को राष्ट्रीय महामारी घोषित किया ताकि इससे निपटने के लिए स्थानीय सरकार विशेष त्वरित प्रतिक्रिया निधि गठित कर सकें। डीओएच ने चेतावनी दी है कि बरसात के मौसम के कारण अक्टूबर तक डेंगू के मामले बढ़ने की आशंका है।

डेंगू दुनियाभर में उष्णकटिबंधीय देशों में पाया जाने वाला एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण है। इससे जोड़ों में दर्द, मतली, उल्टी और दाने का कारण बन सकता है और गंभीर मामलों में साँस लेने में परेशानी, रक्तस्राव और अंग की विफलता का कारण बन सकता है। हाल के दशकों में डेंगू की वैश्विक मामलों में वृद्धि हुई है।

## ईडी ने बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में रतुल पुरी को गिरफ्तार किया

**नईदिल्ली।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे और उद्योगपति रतुल पुरी को निदेशालय ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को 354 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले में सीबीआई ने शनिवार को मामला दर्ज किया था। रतुल को मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया। रतुल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे हैं। बता दें, नीता पुरी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ की बहन हैं और रतुल पुरी कमलनाथ के भांजे हैं। वहीं, अगस्ता वेस्टलैंड मामले में रतुल पुरी को अग्रिम जमानत मिली हुई है।

मध्यप्रदेश के सीएम कमलनाथ के भांजे और मोजर बेयर के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक रतुल पुरी के खिलाफ



शनिवार को सीबीआई ने केस दर्ज किया था। ये मामला सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को 354.51 करोड़ रुपये की चपत लगाने से जुड़ा है। रतुल के अलावा एमबीआईएल के प्रबंध निदेशक दीपक पुरी, कंपनी में पूर्णकालिक निदेशक उनकी पत्नी नीता पुरी, एमबीआईएल के पूर्व कार्यकारी निदेशक रतुल पुरी, निदेशक संजय जैन, विनीत शर्मा और अन्य अज्ञात सरकारी सेवकों और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक दुर्व्यव्यवहार और आपराधिक साजिश रचने का मामला दर्ज किया गया था।

रतुल पुरी अगस्ता वेस्टलैंड मामले में जांच के घेरे में हैं। रतुल पुरी पर उनकी कंपनी के जरिए कथित तौर पर रिश्वत लेने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि रतुल पुरी की स्वामित्व वाली कंपनी से जुड़े खातों का उपयोग रिश्वत की रकम लेने के लिए किया गया। अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर डील 3,600 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टरों की खरीद के लिए एंग्लो-इतालवी कंपनी अगस्ता-वेस्टलैंड के साथ करार किया गया था। यह करार साल 2010 में 3 हजार 600 करोड़ रुपये का था, लेकिन जनवरी 2014 में भारत सरकार ने इस करार को रद्द कर दिया था। आरोप है कि इस करार में 360 करोड़ रुपये का कमीशन दिया गया था। इस मामले में रतुल पुरी का भी नाम सामने आया था। लेकिन हालांकि इस केस में आरोपी से सरकारी गवाह बने राजीव सक्सेना ने पूछताछ में रतुल पुरी का नाम छिपा लिया था।